## एक नजर

### उप विकास आयुक्त ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

**नावाबाजार।** प्रखंड अंतर्गत ईटको पंचायत स्थित नावा बाजार में हरित बिरसा क्रांति के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पलामू उप विकास आयुक्त मोहम्मद शब्बीर आलम , बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी, उपप्रमुख मिर खुर्शीद आलम, समाजसेवी सफिर आलम आदि ने संयुक्त रूप से अर्जुन यादव के खेत में आम बागवानी में फलदार पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया। मौके पर डीडीसी शब्बीर आलम ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत लाभुकों को स्वावलंबी बनाने हेतु स्वरोजगार व जीवकोपार्जन के लिए आम बागवानी उत्तम साधन है। लाभुक फलदार आम, नींबू, अमरुद, संतरा व इमरती वृक्ष शीशम, सागवान आदि पौधे लगाकर लाभान्वित हो रहे हैं। नावा बाजार में बिरसा हरित क्रांति के तहत 72 एकड़ खेतों में पेड़ लगाए जा रहे है। क्षेत्र में वृक्षारोपण कम व वृक्ष कटाई जोरों पर हैं, जिसका खामियाजा किसान भुगत रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। मौके पर पंचायत सचिव प्रभु राम, नीरज कुमार, सुरभि कुमारी, कनिय अभियंता शैलेश कुमार, ज्योति कुमारी, एटीएम सुनैना कुमारी सहित कई लोग शामिल थे।

### ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए अभियान जारी

**विश्रामपुर।** ओबीसी. एकता अधिकार मंच द्वारा विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसवांद के जरिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नावाबाजार प्रखंड के ग्राम चेचनहा में एक जनसभा आयोजित की गई। जनसभा में मंच के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी और पिंटू यादव ने सभा संबोधित कर ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद के जरिए अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया और आरक्षण में हो रही गड़बड़ी के प्रति सचेत किया।

### 28 को जमा करें बकाया बिजली बिल : जेई

**मोहम्मदगंज।** पांच हजार से अधिक बिजली बिल के बकाएदारों का कनेक्शन काटा जा रहा है। इससे बचने के लिए ऐसे उपभोक्ता अपने बकाए बिजली बिल स्थानीय स्टेशन रोड में हर माह की 28 तारीख को आयोजित शिविर में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया के कारण कनेक्शन काट दिया गया है, वैसे उपभोक्ता भी बकाया बिल जमा करके आरसीडीसी रसीद प्राप्त कर कनेक्शन फिर से चालू करवा सकते हैं।

## विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

# सड़कों को दुरुस्त करने का काम जारी है : कमलेश सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के विकास कार्य में विधायक मद से कई योजनाओं की स्वीकृति मिलते ही योजनाओं का शिलान्यास व कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। विधायक कमलेश सिंह के दिशा-निर्देश पर रविवार को 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, मुखिया शाहनाज परवीन, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से दो योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसमें बभंडी पंचायत के ईंटवा मोड़ से रामनाथ पासवान के घर तक वाया हेमजा पथ का जीर्णोद्धार, हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में मदरसा रोड से मुख्य पथ तक नाली की मरम्मति व सफाई कार्य विधायक कोटा से शामिल है। जबकि बभंडी पंचायत के ही बहरपुरा गांव में विवाह मंडप निर्माण की आधारशिला रखी गई है। विधायक ने उपस्थित लोगों से ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस माह डेढ़ सौ से अधिक विधायक मद की योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कराया गया है। जबकि अगस्त माह के अंत तक 100 से अधिक और योजनाओं पर काम शुरू कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। अगले माह में कई सड़कों व पुल पुलिया का भी काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को काफी दिनों तक पता ही नहीं था कि विधायक कोटा की भी राशि मिलती थी। किन्तु इसे कहां डकार दिया जाता था, गंध तक नहीं लगने दिया जाता था। उनके कार्यकाल में पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मौके पर देवेन्द्र सिंह, अनूप सिंह, सज्जू खान, अशरफ हसन, खुर्शीद अहमद, सज्जू खान, राजू खान, आफताब अहमद, रकीब हुसैन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### अवैध महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भांवर गांव में पथरा ओपी पुलिस ने रविवार को पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि इस दौरान करीब 8 क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर महुआ से निर्मित शराब को नष्ट किया गया। इसके साथ ही कई ड्राम, शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया गया। साथ ही बताया कि अवैध महुआ शराब निर्माण में संलिप्त फरार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अभियान में पथरा पिकेट प्रभारी मंटू कुमार सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर, लोगों ने जताया आभार

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर गांव में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गत तीन सप्ताह पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। इस वजह से ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री मेहता को उक्त समस्या से अवगत कराया गया। संज्ञान लेते हुए कुशवाहा ने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ग्रामीणों ने रविवार को ट्रांसफार्मर चालू हो जाने की खुशी में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के प्रति आभार प्रकट किया है।

### झरगाड़ा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन

**हुसैनाबाद।** आत्मा की ओर से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हुसैनाबाद प्रखंड के झरगाड़ा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समीप के कई गांवों के किसानों ने भाग लिया। किसान गोष्ठी में आत्मा के तकनीकी प्रबंधक जय गोबिंद यादव ने सरकार द्वारा कृषि व किसानों के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही फसलों के रख-रखाव, रोग उपचार, वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य करने की बात कही। साथ साथ फसल बीमा के बारे में जानकारी दी। समेकित खेती अपनाने की बात कहीऋ गोष्टी में बीकेएस एग्रोफॉर्म प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर प्रिय रंजन सिंह ने जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने चियासीड, सुगरफ्री आलू, काला आलू समेत कई मूल्य वर्धक खेती करने की जानकारी दी। इस मौके पर पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, पंसस मालती देवी, रामजी राम ,एग्रो के ब्लॉक कॉर्डिनेटर गौतम कुमार, मदन गुप्ता, रामजी राम,मोहन यादव, रामराज यादव,राम प्रवेश सिंह, कवल साव, विजय यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छापेमारी में बिजली चोरी करते 6 पकड़ाए

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में पकड़े गए 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। साथ कुल मिलाकर 54 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। विद्युत विभाग के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला की ओर से गठित छापेमारी दल का नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने किया। इसमें कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस छापेमारी के दौरान माली गांव की मोबिना बीबी, गोड़ाडीह के धर्मेंद्र कुमार सिंह, सत्यनारायण पासवान, फुलियाडीह के चंद्रदेव रजवार, रामप्रवेश रजवार और सुनील रजवार को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही उन पर कुल मिलाकर 54 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कनीय चेतावनी कहा कि जो लोग बिना वैध विद्युत कनेक्शन के बिजली का दुरुपयोग कर रहे हैं, वे तुरंत विद्युत कार्यालय से संपर्क कर विधिक रूप से कनेक्शन ले लें। अगर भविष्य में ऐसा कोई भी अवैध रूप से बिजली का दुरुपयोग करता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में उनके साथ ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह, मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता और लंकेश कुमार भी शामिल थे।

# पल्स पोलियो अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की बढ़ी सक्रियता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के शुरू होते ही पंचायत से गांव तक सफल क्रियान्वयन के लिये पंचायत के प्रतिनिधियों ने अपनी सजगता व सक्रियता बढ़ाई है। स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार के दिशा निर्देशन में प्रखंड के सभी 12 पंचायत सचिवालयों में इस कार्यक्रम को गति देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कर्द स्वास्थ्यकर्मियों की टीम के अलावा संबधित क्षेत्र के सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। रविवार को हैदरनगर पूर्वी पंचायत में सेविका के साथ उपमुखिया पवन कुमार ने शिशु को पोलियो की खुराक देकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। हैदरनगर पश्चिमी, परता, खरगाड़ा, बरडंडा, बभंडी पंचायत में पल्स पोलियो अभियान की सफलता में मुखिया शहनाज परवीन, कमल कुमार पासवान, कुसुम देवी, सुदर्शन राम, जितेन्द्र सिंह के अलावे पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा, फरहाना खातून, गुप्तेश्वर पांडेय ने गली मुहल्लों में भ्रमण कर जीरो से पांच वर्ष तक आयु वाले बच्चे को पोलियो केन्द्र तक जाने को प्रेरित करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में उनके पंचयत के एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे। इसका भरपूर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र के एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, दिलीप कुमार, फार्मासिस्ट नवीन किशोर, ड्रेसर अमरकांत, प्रमोद सिंह, सिपाही राम, एएनएम कंचन, सीमा सहित कई अन्य शामिल हैं।

**इधर,** रविवार को हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात शिशु को दो बूंद दवा पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साथ ही कोल्ड चेन सिस्टम का बारीकी से अनुश्रवण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि 25 अगस्त से शुरू हो रहे पोलियो कार्यक्रम में 0 से 05 वर्ष तक के 59490 बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाई जाएगी, जिसमें कुल 213 टीम के कुल 426 स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता कार्य करेंगे 213 टीम के अलावा 7 ट्रांजिट टीम और 01 मोबाइल टीम भी कार्य करेगी। कार्य के सुपरविजन के लिए 37 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए हैं। इस संबंध में एसडीओ के द्वारा सभी मौजूद सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि सभी सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि पोलियो के दो बून्द से कोई भी 0 से 05 वर्ष का बच्चा छूट न जाये।

**वहीं,** हरिहरगंज प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत रविवार को हुई। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया एवं सीएचसी प्रभारी डॉ. गोपाल प्रसाद द्वारा संयुक्त रुप से बच्चों को दवा पिलाकर किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी द्वारा बताया गया कि हरिहरगंज व पिपरा दोनों प्रखंडो में कुल 18 हजार 648 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम 25 से 27 अगस्त तक तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये 130 बूथ एवं 2 डिपो बनाये गये हैं। आंगनबाड़ी सेविका व सहिया सहित कई सुपरवाइजर अभियान की मोनिटरिंग कर रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ.बीपीएम संजय कुमार सिंह सहित एएनएम व कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### रेलवे स्टेशन पर पोलियो ड्रॉप पिलाई गई

**मोहम्मदगंज।** रविवार से शुरू पल्स पोलियो अभियान के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन से आने जाने के अलावा आसपास के 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद दवा पिलाई गई। इसका जाएजा पूर्व उपमुखिया सिद्धार्थ कुमार ने लेते हुए कहा कि स्टेशन पर भी यह अभियान लगातार तीन दिनों तक चलेगा, इसलिए उन्होंने 5 साल तक आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक जरूर दिलवाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के यात्रियों के बच्चों के अलावा आसपास की माताएं-बहनें भी यहां आकर अपने बच्चे को दवा पिलवा सकती हैं। टीम में एएनएम नीलम मेहरा और स्वास्थ्य कर्मी नीरज कुमार सिंह शामिल हैं।

## एक-एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को शुद्ध करें

# पेड़-पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पेड़-पौधे हमारे जीवन के आधार हैं,इसे परिवार की तरह सहेजे रखना ही हमारा धर्म होनी चाहिए।यह बातें रा०कृत प्ल्स टू उच्च विद्यालय पाटन में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डाल्टनगंज द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं, इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल संतोष कुमार ने समूह के पदाधिकारियों व अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। संचालन शिक्षक बालगोविंद मिश्र ने किया। शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि समूह मानवता की सेवा को आगे बढ़ाते हुए कुष्ठ रोगियों का इलाज कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए गिनिज बुक में नाम दर्ज किया है। इस अवसर पर बच्चों के बीच 240 फलदार पौधे वितरण किए गए तो वहीं ब्राइटलैंड स्कूल मदिनीनगर में भी 300 फलदार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री प्रताप नारायण शाही, व्यवस्थापक योगेन्द्र सिंह, अनुज सिंह, ललित नारायण सिंह, सूर्यदेव नाथ शाही, डॉ नरसिंह, संतोष राय, शुभम कुमार, शिक्षक सलीमुद्दीन, पंकज कुमार, शशिकांत, दिलीप कुमार, प्रभाकर, प्रमोद, कृपाशंकर, पवन, अभिमन्यु, रविकांत, शिक्षिका नेहा, रेणु, सुनीता, स्नेहलता व अन्य लोग मौजूद थे।

# 'मन की बात' राष्ट्र प्रेम की भावना को भी जागृत करती है : कर्नल संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' कार्यक्रम का 113वां संस्करण रविवार को पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ सुना गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस आयोजन को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत हुसैनाबाद के बूथ संख्या 126 पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी हिस्सा लिया और 'मन की बात' को सुना। कार्यक्रम के उपरांत, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहाकि 'मन की बात' न केवल देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना को भी जागृत करती है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य राजा राम पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य धीरेन्द्र बैठा, मुखिया प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, बिन्देश्वरी यादव, विनोद पासवान, जुगनू मेहता, राहुल उपाध्याय, जवाहर अग्रवाल, अजय सिंह, राजकुमार प्रजापति, देवपति देवी, संगीता देवी, शुशीला देवी, मीना देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम को देखकर लोग उत्साहित हुए :** दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित इस कार्यक्रम को देखकर लोग उत्साहित और प्रेरित हुए। सुदूरवर्ती जरहीपर गांव की निवासी लालमती देवी ने कहा कि उन्हें 'मन की बात'इसलिए प्रिय है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसमें आम जनता के मुद्दों को सजीव तरीके से प्रस्तुत करते हैं और उनके सुझावों पर काम भी करते हैं। पंचायत समिति सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में हमें प्रधानमंत्री के 'मन की बात'कार्यक्रम को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने किसान ब्रिगेड की ओर से कर्नल संजय सिंह का आभार व्यक्त किया।


### भारत की सुदृढ़ नींव का निर्माण हो रहा है : नरेंद्र कुमार पांडेय

**विश्रामपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुटमु ग्राम में सुना गया। श्री पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प से 21वीं सदी के भारत में विकसित भारत की सुदृढ़ नींव का निर्माण हो रहा है। मन की बात सुनने आए ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री क नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। श्री पांडे ने बताया कि मन की बात सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाली होती है। देश और समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोने वाला यह मन की बात कार्यक्रम जिस विषय से जुड़ा,वह जन-आंदोलन बन गया है।

**लोगों ने सुना प्रधानमंत्री की मन की बात :** पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातो को सुना गया। वही मंडल अध्यक्ष ने अपने बूथ संख्या 219 पर मन की बात सुनी वही पाटन के सभी बूथ पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मन की बात सुनी। सुननेवाले में सुनील सिंह, गिरेंद्र सिंह, आलोक सिंह छोटू सिंह पशुपति शर्मा सतेंद्र सिंह प्रदीप चंद्रवंशी आनंद सिंह उमा शंकर सिंह रविनाथ साव प्रिंस कुमार बिकास कुमार, आनंद सिंह,अभिमन्यु सिंह उदय सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकताओं उपस्थित रहे।

### गोड़ाडीह में ग्रामीणों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत के बूथ नंबर 31 के लोगों ने रविवार की सुबह में दूरदर्शन पर प्रसारित प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इसमें सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह के अलावा निलेश कुमार सिंह उप मुखिया सहित दशरथ चंद्रवंशी, पवन सिंह, शिव प्रसाद मिस्त्री, मंटू कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह और राजेश्वर राम व अन्य कई लोग शामिल थे। लोग इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित दिखे।



## एक नजर

### पोलियों की दवा पिलाकर शुभारंभ किया

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार ने शनिवार को 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 26 व 27 अगस्त को घर-घर जाकर बच्चों को स्वास्थ्य सहिया दवा पिलायेंगे। ग्रामीणों से आग्रह किया कि अपने बच्चे को पोलियों की खुराक अवश्य पिलायें।

### बच्चो को पिलायी गयी दो बूंद पोलियो की खुराक

**श्री बंशीधर नगर।** सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी ने बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो मुक्त देश बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के लोगों को भी अपने अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिये प्रेरित करें। 25 अगस्त से 27 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। 25 अगस्त को पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाये तथा छूटे बच्चों को टीका कर्मियों द्वारा 26 व 27 अगस्त को घर घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाया जायेगा।

# दो पर्यवेक्षिकाओं के भरोसे चल रहा तीन प्रखंड के 165 आंगनबाड़ी केंद्र

## कई केन्द्रों के बंद रहने से नौनिहालों का विकास बाधित






**एक आंगनबाड़ी केंद्र पर 30 बच्चे नामांकित होते हैं, लेकिन अधिकांश केन्द्र पर 10-12 बच्चे ही उपस्थित होते है**

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनाथपुर के अधीन केतार ,खरौंधी व भवनाथपुर प्रखंड में 165 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनके संचालन पर सरकार प्रति माह लाखों रुपए खर्च करती है। इन केन्द्रों पर बच्चों की समेकित विकास नहीं हो पा रही है। भवनाथपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को छोड़कर बाकी केन्द्रों पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। एक आंगनबाड़ी केंद्र पर 30 बच्चे नामांकित होते हैं, लेकिन अधिकांश केन्द्र पर 10-12 बच्चे ही उपस्थित होते है। समय-समय पर पर्यवेक्षिका द्वारा निरीक्षण नहीं होने से कई केंद्र काफी दिनों तक बंद रहता है। दरअसल आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यों का मॉनिटरिंग सही तरीके से नहीं हो रहा है। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो का सुचारू रूप से देखभाल करने के लिए महिला पर्यवेक्षिकाओं के सात सृजित पदों के विरुद्ध मात्र दो महिला पर्यवेक्षिका ही कार्यरत हैं। ये दोनों भवनाथपुर के 66 आंगनबाड़ी केन्द्र, खरौंधी के 49 आंगनबाड़ी केंद्र और केतार प्रखंड के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कैसे करती होंगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। केन्द्रों पर बच्चों को सुबह में नाश्ते में सूजी का हलवा, दोपहर में दाल-भात या खिचड़ी खिलाना है। कुछ केन्द्रों को छोड़कर अन्य केन्द्रों पर पोषाहार देकर ही खानापूर्ति की जाती है।

### कार्य बल की कमी से असंतोष, समय पर निरीक्षण नहीं

बाल विकास परियोजना के तहत तीन प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्र का देख-रेख के लिए सात महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्वीकृत पद विरूद्ध मात्र दो पर्यवेक्षिकाएं ही कार्यरत हैं। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) का पद प्रभार भी बीडीओ के भरोसे चल रहा है। कार्यालय में निजी ऑपरेटर से काम लिया जा रहा है। पर्यवेक्षिका सुचित्रा ने बताया कि केंद्र अधिक होने की वजह से आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने में परेशानी होती है। समय-समय पर केन्द्रों का निरीक्षण करती हैं। उन्होंने कहा कि सात पर्यवेक्षिका की जगह सिर्फ दो ही है, इसलिए शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने में परेशानी होती है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य

आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य गर्भवती, धात्री महिलाओं का देख-रेखा करना है। बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण, पोषाहार, समाजिक विकास कि सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना, इसके साथ-साथ खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा भी देना है, जिससे स्कूल जाने से पहले बच्चे तैयार हो सकें। गरीब तबके के बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करना है।

### लाभुको के खाद्यान्न में कटौती, विभाग बेखबर

## एमओ के पत्राचार के बाद भी डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं : मुखिया



नवीन मेल संवाददपाता

**डंडाई ।** प्रखंड के लवाही पंचायत में धड़ल्ले से हो रही है पीडीएस लाभुकों के खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती। विभागीए पदाधिकारी मामले से बेखबर बने हैं। बताया जाता है कि पंचायत में आधा दर्जन जन वितरण दुकानदार हैं। सभी द्वारा प्रत्येक माह लाभुकों के खाद्यान्न में 100 ग्राम वजन की कटौती करने का काम किया जा रहा है। लाभुकों का कहना है कि उन्हें आज तक उचित वजन के साथ खाद्यान्न मिल ही नहीं है। जन वितरण दुकानदार स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रद्धा देवी के दुकान से माह अगस्त का खाद्यान्न प्राप्त किए लाभुक श्रद्धा देवी, उषा देवी, शांति देवी, चंद्रावती देवी, मानिकचंद शाह इत्यादि लोगों ने बताया कि उन लोगों को उक्त दुकानदार द्वारा कभी भी पूरा वजन के साथ खाद्यान्न नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में दुकानदार द्वारा चना दाल नहीं दिया गया है। पंचायत के जन वितरण दुकानदार बंशीधर बैठा के लाभुक जमीर सिद्दीकी, आशा देवी, पार्वती देवी ने बताया कि सिर्फ उन लोगों का ही नहीं बल्कि दुकानदार द्वारा जितना भी लाभुक को खाद्यान्न दिया जाता है उसमें उनके द्वारा प्रत्येक माह प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मजबूरन उन लोगों को दुकानदार के अनुसार 100 ग्राम से लेकर 200 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न की कटौती करवा कर लेना पड़ता है। उसके अलावा डंडाई पंचायत में भी बेधड़क लाभुकों के खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती करने का काम किया जा रहा है। अगस्त माह में पंचायत के एक दुकानदार को छोड़ बाकी सभी दुकानदारों के द्वारा लाभुको के खाद्यान्न में 100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न की कटौती करने का काम किया गया है। उस ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विभागीय पदाधिकारी भी मुक्त दर्शक बन बैठे हैं। लावाही पंचायत मुखिया बच्चा लाल गुप्ता ने बताया कि अभी तक किसी भी लाभुक द्वारा उनके पास इस तरह की शिकायत नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर खाद्यान्न कटौती की शिकायत मिलती है तो डीलर के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग के पास लिखित रूप में सूचना कर दिया जाएगा । डंडई पंचायत मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि कार्रवाई के लिए एमओ को रिपोर्ट जाता है, लेकिन उनके द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। डंडाई पंचायत का एक जन वितरण दुकानदार इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा की लाभुकों की खाद्यान्न कटौती एक बड़ा अपराध है उसके खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई होना चाहिए।

### सहायक अध्यापकों की बैठक में मांगों को लेकर 28 को रांची जाने का निर्णय

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में सहायक अध्यापक संघ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बीआरसी खरौंधी में हुई। बैठक का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करना और मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाना था। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष इंदल पासवान ने की। संघ के सभी सदस्य व प्रमुख शिक्षक शामिल हुए। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी वेतनमान, सेवा, शर्तों सहित अन्य मुद्दों को उठाया। शिक्षकों ने बताया कि उन्हें लंबे समय से सरकार द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए 28 अगस्त को रांची में बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में संघ के अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे रांची पहुंचकर अपनी मांगों के प्रति एकजुट हों और अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को अनसुना करती है, तो उन्हें मजबूरन उग्र आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा। मौके पर सहायक अध्यापक सुजीत कुमार,सुरेन्द्र मेहता,मिथलेश पाल,उदय गुप्ता, रघुवीर यादव,शिवपूजन यादव,राजीव कुमार,मुनेश्वर राम,फूलकुमारी बाखला, सुनीता देवी, प्रतिभा देवी,नारद राम,जीतू सिंह,नागेंद्र प्रसाद यादव,सुरेन्द्र यादव,शिवकुमार सिंह, दीपक कुमार, विनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी शिक्षकों ने 28 अगस्त को रांची में एकत्रित होने और अपने हक की लड़ाई में एकजुट रहने का संकल्प लिया।

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गयी



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में रविवार को 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए पोलियो अभियान के तहत पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। इस अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को पोलियो जैसे गंभीर रोग से बचाव करना था। अभियान की शुरूआत सुबह 8 बजे से हुई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने बूथों पर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई। इसके साथ ही कई विद्यालयों पर बूथ बनाया गया था, जहां अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आए और उन्हें पोलियो की खुराक दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि भी इस अभियान में शामिल हुए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि इस बार अभियान के दौरान 5,000 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था। पंचायत के मुखिया सहित सभी प्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को जागरूक किया। साथ ही प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय पोलियो अभियान के दिन खुला रहा। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पल्स-पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालयों के शिक्षकों को लगाया गया है। पोलियो उन्मूलन के इस प्रयास में स्थानीय समुदाय का भी भरपूर सहयोग मिला। अभिभावकों ने बड़ी संख्या में अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए लाया गया था, जिससे यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा इस दवा से वंचित न रह जाए,इसके लिए आंगनबाड़ी के सेविकाएं व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

### बंशीधर मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी जोरों पर

# एसडीपीओ ने लिया मंदिर का जायजा, दिए निर्देश

**मुख्य गेट से केवल प्रवेश होगा, जबकि निकासी मंदिर परिसर स्थित कल्याण मंडप होते हुए पीछे के रास्ते होगा**

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर में आयोजित होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। महोत्सव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक रविवार को बंशीधर मंदिर पहुंचे। इस दौरान पुलिस पदाधिकारीयों ने महोत्सव को लेकर श्री बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव से कई जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई निर्देश भी दिए। ट्रस्ट के पदाधिकारीयों से बात करते हुए पुलिस पदाधिकारी ने अत्यधिक भीड़ की संभावना को लेकर मंदिर में प्रवेश और निकास के संबंध में जानकारी ली। ट्रस्ट के साथ बातचीत के बाद प्रवेश और निकास का रूट तय किया गया। मुख्य गेट से केवल प्रवेश होगा, जबकि निकासी मंदिर परिसर स्थित कल्याण मंडप होते हुए पीछे के रास्ते होगा। कल्याण मंडप में ही प्रसाद काउंटर बनेगा। एसडीपीओ ने बताया कि बंशीधर मंदिर में होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव में लाखों की भीड़ के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि मंदिर और मंदिर के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही मंदिर परिसर के अंदर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस भी मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस पदाधिकारीयों की ड्यूटी भी मंदिर के आसपास सुनिश्चित की जाएगी।



### बच्चों का श्री कृष्ण बाल रूप सभी को भाया

श्री बंशीधर नगर विशुनपुर स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त मिलेनियम पब्लिक स्कूल परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने राधा श्रीकृष्ण बनकर लोगों का मन मोह लिया। राधा श्रीकृष्ण व गोपियों का चरित्र चित्रण इस प्रकार किया गया मानो सचमुच में उनका अवतार हुआ हो। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मो. मुमताज राही ने कहा कि बच्चों द्वारा इस अद्भुत प्रस्तुति को देखकर ऐसा लग रहा है कि आज श्री बंशीधर नगर में नहीं बल्कि वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात रूप का दर्शन कर रहे हैं। सौरभ यादव कक्षा यूकेजी द्वारा श्रीकृष्ण का तथा निखत परवीण द्वारा राधा के रूप को दशार्या गया माखन चोर की प्रस्तुति, सौरभ यादव द्वारा डांडिया नृत्य कक्षा प्रथम से कक्षा 12वीं तक के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम,असगर अली, नागेंद्र प्रसाद सिंह,मनोज कुमार,ऋषिकांत, अरशद आलम,अर्पणा कुमारी,माया देवी,प्रियंका,काजल,संजय प्रसाद, पांडेय, रोहित,संजना सहित अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने बच्चों के प्रस्तुति को सराहा व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### श्री कृष्ण जनामाष्टी व चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक



श्री बंशीधर नगर श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व को लेकर थाना परिसर में दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व एक ही दिन होने पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने कहा कि यहां हिंदू मुसलमान दोनों समुदाय के लोग मिलकर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाते हैं। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि एक ही दिन दोनों त्योहार होने के कारण मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि चेहल्लुम का जुलूस कर्बला के मैदान से निकलकर लड़की स्कूल होते हुए मुख्य बाजार बस स्टैंड से पुनः कर्बला तक वापस जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यहां दोनों समुदाय के लोग मिलकर आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार मानते हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व को देखते हुए जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती की जायेगी, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से दोनों त्योहार संपन्न हो। बैठक में पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, श्री बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव,धीरेन्द्र चौबे, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर,सचिव गोपाल जायसवाल,अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान,सरपरस्त शमीम खान,तस्लीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर रागिब खान मुन्ना खान,फुलटून खान,भगडू खान,अख्तर खान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### मात्र एक रुपये में फसल की बीमा कराये किसानः बीटीएम

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह पंचायत सचिवालय में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ फसल 2024 के लिए फसल बीमा करो, सुरक्षा कवच पाओ अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीटीएम राकेश कुमार गांव के किसानों को मात्र एक रुपए में धान और मकई फसल का बीमा कराने की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि 31 अगस्त तक किसान अपने नजदीक के प्रज्ञा केंद्र पर जाकर कृषि बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा कराने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति ,फसल बुवाई प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र जरूरी है। उन्होंने बताया की धान फसल की 80 प्रतिशत क्षति होने पर किसान को एक हेक्टेयर पर 69 हजार रुपए, जबकि एक हेक्टेयर मक्का फसल नुकसान पर 56 हजार 833 रू का मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड बीमा कोर्डिनेटर ओमप्रकाश ठाकुर,मुखिया बसंती देवी, बीडीसी कमोदा देवी, कलेंदर पासवान, अजय राम,देव कुमार ठाकुर ,परमानंद ठाकुर ,चंदन कुमार उमेश कुमार गुप्ता ,राजेश्वर प्रसाद, श्रवन साह ,उदय मेहता, अभिमन्यु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**खरौंधी।** खरौंधी मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुनने के लिए भाजपाई एवं स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने देश के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया, जिससे लोगों को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के बाद, लोगों ने पीएम मोदी के विचारों की सराहना की और इसे राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा ने बताया की खरौंधी मंडल में यह आयोजन सामुदायिक एकता और जनजागरण का प्रतीक बन गया है, जहां ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को सुना और उस पर चर्चा की।मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास,जितेंद्र प्रसाद यादव,बिनोद चौधरी भाजपा नेता बसंत कुमार यादव,रामकृपाल द्विवेदी,अरुण सिंह,विनोद सिंह,विकास सिंह,बुधनाथ गुप्ता,रामप्रीत गुप्ता सुनील रौशन,कलामुद्दीन अंसारी,कृष्णा यादव,सुशील यादव,सतेंद्र प्रसाद यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने मुलाकात की

**खरौंधी(गढ़वा)।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही उन्हे कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दिया है। साथ ही गढ़वा जिला की कई समस्याओं से अवगत कराते हुए गढ़वा जिला में आने का निमंत्रण दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने भी जल्द गढ़वा आने का आश्वासन दिया है। जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने बताया कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश को झारखंड कांग्रेस का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से झारखंड में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष को बताया पूरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन पहले से काफी मजबूत हुआ है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावना को ध्यान में रखते हुए भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ना चाहिए। इस पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भवनाथपुर विधान सभा के कांग्रेस पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ताओ का ख्याल रहते हुए उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

### शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सचिव की मनमानी के खिलाफ दिया धरना

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतर्गत महदेईया में स्थित शंकर प्रताप देव इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने डिग्री कॉलेज के प्राचार्य कृष्णा जायसवाल को इंटर कॉलेज से हटाये जाने समेत तीन सूत्री मांगों को लेकर कॉलेज प्रांगण में धरना दिया। इसके पूर्व कर्मियों ने 21 अगस्त को एसडीओ सह शासी निकाय के अध्यक्ष प्रभाकर मिर्धा को मांग पर देकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए सचिव की मनमानी को रोकने, लंबित वेतन, इपीएफ का भुगतान कराने का अनुरोध किया था। धरना पर बैठे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी कॉलेज के सचिव पूर्व विधायक राज्य राजेंद्र प्रताप देव की मनमानी को लेकर काफी आक्रोशित थे। कर्मियों ने कहा कि सचिव की मनमानी के कारण कॉलेज में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। कर्मियों ने डिग्री कॉलेज के प्रभारी कृष्ण जायसवाल को इंटर से हटाने, इंटरकर्मियों के लम्बित वेतन एवं इपीएफ का भुगतान कराने एवं वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लंबित अनुदान का भुगतान कराने की मांग की। कर्मियों ने कहा कि जल्द ही इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। धरना देने वालों में दिनेश कुमार सिंह, अश्विनी कुमार चौबे, विद्या सिंह, अंजू सिंह, निखिल रंजन, विवेक विभूति, राजू प्रसाद राज, कृष्ण मुरारी सिंह, सुनील कुमार, मनीष कुमार सिंह, सृष्टि कुमारी, सत्येन्द्रनाथ पाण्डेय, अरविन्द प्रसाद गुप्ता, राजीब अहमद, गौरी सिंह, मदन सिंह, इन्द्रशेखर पाण्डेय, पंकज चतुवेर्दी, राम व्यास पाण्डेय, ज्योति सिंह, अभिजीत प्रताप देव, कुमारी प्रतिमा कुमारी, निक्की कुमार, विजय ठाकुर सहित सभी कर्मी मौजूद थे। इस संबंध में पूछने पर सचिव राज राजेन्द्र प्रताप देव ने कहा कि जो लोग धरना दे रहे हैं वे लोग अपना प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं। वे लोग कॉलेज में धरना देकर कॉलेज का शैक्षणिक माहौल को खराब करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गई है।

### 15 अक्टूबर से अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की मेजबानी में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड़ में किया जाएगा। टेबल टेनिस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ एवं गढ़वा जिले के खेल प्रेमियों की एक बैठक के बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने भव्य आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर से 20 अक्तूबर तक करने के साथ ही सभी खिलाड़ियों, अंपायर, अतिथिगण को ठहराने की सुविधा पर विचार विमर्श किया गया। वहीं बेहतर सुविधा देने का निर्णय लिया गया। मौके पर अलखनाथ पांडेय कहा कि गढ़वा जिला को तीसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने की मेजबानी मिली है। राज्य टेबल टेनिस संघ की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है। उस जिम्मेवारी को हम सबों को मिलकर पूरा करना है। प्रदेश नें जो जिम्मेदारी गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ को सौंपी है। उसे बेहतर तरीके से पूरा करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाना है। प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए शहर में बैनर एवं होल्डिंग लगाने के लिए सभी विद्यालयों और प्रतिष्ठान के लोगो से अनुरोध करने की बात कही गई। प्रतियोगिता में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इसकी सुविधा के लिए जिला प्रशासन से सहयोग लेने की बात कही गई।प्रतियोगिता का सफल संचालन हो इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन करने की बात कही। संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी ने कहा कि राज्य टेबल टेनिस संघ ने जो जबाबदेही दी है। उसे गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ प्रतियोगिता का बेहतर आयोजन कर पूरा करेगा। इस अवसर पर सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी ,संजय सोनी ,अमित सिंह, दीपक सिन्हा, ललन सोनी,जायंट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष मोजीबुद्दीन खान, विजय सोनी, प्रिंस सोनी, निस्बत खान, अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, रोशन धर दुबे, अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवनीत शुक्ला, प्रवीण मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा ने की।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत परिजनों ने 2 घंटा किया एनएच जाम

## अधिकारियों से वार्ता के बाद माने जामकर्ता



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हिसरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की दोपहर बाद एक बेकाबू अज्ञात बोलेरो ने स्कूटी सवार बबलू उरांव व संजय गंझू को बुरी तरह से रौंद डाला था। दुर्घटना में बब्लू की मौत हो गयी थी। इसके बाद रविवार को आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने रांची चतरा मुख्य मार्ग जाम कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बबलू के शव के गांव पहुंचने के बाद परिजन व ग्रामीण शव के साथ लगभग 3 घंटे तक सड़क पर बैठे रहे। परिजन इसे दुर्घटना नहीं बल्कि सुनोयोजित तरीके से हत्या बता रहे थे। जाम की सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम करने वालों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जामकर्ता बड़े अधिकारियों को जाम स्थल पर बुलाने और उनकी मांगों को सुनने की बात को लेकर अड़े थे। इसके बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की। मृतक के परिजनो ने अधिकारियों से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने एवं पूरे मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से करने की मांग की। इसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा आपलोग आवेदन दें, सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी। इस दौरान मृतक के परिजनों को प्रशासन की ओर से 11 हजार 500 रुपया अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई। इसके बाद जमाकर्ता मान गए व सड़क जाम समाप्त हुआ। लगभग ढाई घंटे बाद एनएच पर परिचालन सामान्य हुआ। इस दौरान एनएच के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की भारी जाम लगी रही, जिससे यात्री परेशान रहे।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 113 वां एपिसोड मन की बात को सुनी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह एपिसोड पूरे देश के लोगों के लिए नई ऊर्जा के रूप में कार्य करेगा। प्रधानमंत्री के मन की बात को देश के हर लोगों को सुनना चाहिए। साथ ही उस पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए ताकि देश को सशक्त बनाया जा सके। मौके पर युवा मोर्चा नेता आनन्द गोस्वामी, दीपक कुमार, मयंक गुप्ता, मिंटू गुप्ता, ओम गुप्ता, कृष्ण कुमार, चंदन कुमार, पिंटू यादव, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने प्रकाश राम

**बारियातु।** प्रखंड स्थित खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्व समिति से प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रकाश राम को चुना गया। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने नव चयनित युवा अध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान नव चयनित युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश राम ने कहा कि जिस आशा उम्मीद के साथ जिला नेतृत्व ने मुझे पदभार सौंपा है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। पार्टी का जो भी निर्देश मिलेगा उसे पूरा करने का अथक प्रयास करेंगे। पार्टी के सभी राजद कार्यकर्ताओं के साथ मिलजुल कर मान सम्मान पूर्वक रहूंगा। मौके पर मो. ऐजाज, वीरेंद्र यादव, पंकज यादव, राहुल यादव, सुदामा कुमार, चुलेश्वर गंझू, संजय राम व पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### टंडवा में ही क्यों रहना चाहती है एएनएम

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकुटे स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित एएनएम को एसडीएम व उपायुक्त निर्देश पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा ने पिछले महीने 25 जुलाई को स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया था। पिछले एक महीने से उक्त आदेशों को ताक पर रखकर जमे एएनएम गुलाबी कुमारी का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है, जिसमें स्थानांतरण से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने का प्रयास करते दिखाई दे रही है। इस पर लोग जानना चाह रहे हैं कि आखिर उक्त सेवाकर्मी यहां हीं क्यों रहना चाहती हैं? काफी दिलचस्प बात तो यह है कि अगर ऐसा ही रवैया सभी अपनाने लगे तो लॉ एंड ऑर्डर का क्या होगा। बता दें कि 15 अप्रैल को प्रशिक्षु आइएएस अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज द्वारा रेफरल अस्पताल के औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताओं को लेकर उपायुक्त से कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। चिकित्सा पदाधिकारी ने तत्काल नव पदस्थापन स्थल में योगदान देने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि तब उक्त एएनएम ने पत्र रिसीव करने से साफ इंकार कर दिया। बहरहाल एक महीने के बाद जारी वीडीयो को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। उक्त मामले में चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुदीप कुमार ने बताया कि विभागीय प्रोटोकॉल में सभी को रहना पड़ता है। वरीय अधिकारियों की कार्रवाई पर वह कुछ नहीं कह सकते।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुधीर साव व सचिव प्रकाश गुप्ता

**इटखोरी।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा धूमधाम से दुर्गा पूजा मानने को लेकर दुर्गा मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्यामलाल साव ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से नवगठित कमेटी में अध्यक्ष सुधीर साव, सचिव प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रतन दांगी को बनाया गया। सदस्यों में मोहन साव, अर्जुन दास, योगेंद्र दास, श्यामलाल साव, भगीरथ दांगी, प्रबीन कुमार, पिंटू विश्वकर्मा, अनिल सोनी, बिक्रम साव, तालेश्वर दांगी, उमेश दांगी, नंदकिशोर दांगी को बनाया गया है। मौके पर दुर्गा पूजा के नव मनोनित अध्यक्ष सुधीर कुमार साव ने कहा कि इस वर्ष पितीज नव दुर्गा पूजा में धूमधाम से दुगार्पूजा मनाया जाएगा। सभी वर्ग के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से बिरेन्द्र दांगी, किशोरी दांगी, डब्ल्यू विश्वकर्मा, मिथिलेश प्रजापति, सुनील कुमार, राजेश दांगी, गोपाल ठाकुर, मनोज दांगी, सुरेश दांगी, सोनू कुमार समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार मुख्यालय के चन्दनडीह वार्ड न. 14 के बूथ सख्यां 194 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भाजपा नेताओं ने सुनी। मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा नेता मिलन, अभिषेक भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम की सराहना की और इसके महत्व को रेखांकित किया। भाजपा युवा नेता मिलन शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दे हमारे देश की प्रगति और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत की उपलब्धियां प्रेरणादायक रही हैं और असम में जंगली जानवरों की सुरक्षा का प्रयास सराहनीय हैं। हम इन पहलों को समर्थन देते हैं। उन्होंने बताया कि भारत देश ने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं और अंतरिक्ष अनुसंधान में अपनी क्षमताओं को और मजबूत कर रहा है। असम में जातीय समुदायों की समस्या पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि स्थानीय समुदायों की सुरक्षा और उनके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए सरकार सक्रिय कदम उठा रही है। विशेषकर असम के जंगलों में पाए जाने वाले जंगली जानवरों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मन की बात में प्रधानमंत्री ने जलस्रोतों के संरक्षण और प्रबंधन पर भी विस्तार से बताया। यह कार्यक्रम देश के विकास और समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रधानमंत्री के विचार देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और देश के भविष्य को संवारने में सहायक साबित होगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कूप निर्माण के लाभुकों को 50 हजार सामाग्री मद का भुगतान नहीं किया जा रहा

**महुआडांड़।** प्रखंड में मनरेगा के द्वारा बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में लाभुकों को 50 हजार रुपये सामग्री मद की राशि का भुगतान नहीं किया गया हैं। मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में महुआडांड़ प्रखंड में 152 कूप निर्माण का स्वीकृति प्राप्त हुआ है। एक कुआं की प्राक्कलित राशि 3 लाख 95 हजार 800 रुपये है। वहीं प्रति लाभुक 50 हजार रुपये सामग्री मद में और शेष राशि मनरेगा से देने का प्रावधान है। प्रखंड के गड़बूढनी पंचायत में 36 कूप निर्माण में 32 कूप निर्माण प्रगति पर है। 25 कूप का निर्माण कार्य पूर्ण है। राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली सामग्री मद में 50 हजार रुपये का भुगतान अब तक के पांच लाभुकों करूणा कांती कुजूर (गांव पहाड़ कापू) बिगनी देवी (डाड़ कापू) कृष्णा यादव (पहाड़ टोला), रूपन यादव, अर्जुन किसान चुटिया ग्राम को 50 हजार दिया गया है। शेष अन्य लाभुकों को पैसा नहीं मिला है। कागजी कार्रवाई पूर्ण है। लाभुक रोहित यादव, रामजी यादव, अनतोनीस कुजूर, मनुवर अंसारी, बिगनी देवी, रिता कुजूर, अल्का किंडो ने बताया कि कूप निर्माण पूर्ण के लिए उन लोगों ने पत्थर, सीमेंट, ईंट अन्य उधार लिये हैं। पैसा मिलने में देर हो रही है। आधा-अधूरा पैसा डाल कर बाकि रोक दिया गया। उधार सामग्री दिये है उन्हें परेशान कर रहा है।

## स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष के 67 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे 0 सें लेकर 5 वर्ष की बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्लस पोलियो टीकाकरण का शुभारंभ ग्राम प्रधान दिलीप सिंह द्वारा बच्चों को दवा पिलाकर किया गया। सहिया किरन्ती ने बताया कि केंद्र पर 0 से 5 वर्ष तक के 67 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। उन्होंने केंद्र पर बच्चों को दवा पिलाने आए बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में 0 से 5 साल तक के बच्चों को दवा पिलाएं ताकि भारत के बच्चे पोलियो मुक्त हो सके। पोलियो अभियान एमपीडब्लू अनु भगत ने बताया कि पोलियो अभियान 25 अगस्त सें 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। स्वास्थ्य सहायिका व सहिया घर-घर जाकर तथा प्राथमिक स्कूलों में पहुंच कर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मौके पर एएनएम अर्चना हस्सा, भुनेश्वर राम, रेणू कुमारी, पुनिया देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, पुष्पा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत : चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार की सुबह पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा, डॉ. मनोज कुमार ने 0-5 वर्ष की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। अंचलाधिकारी ने कहा कि पोलियो रूपी रोग अब हमारे देश मे लगभग समाप्ति की ओर है। भारत पोलियो के खिलाफ जंग लड़ रहा है। पोलियो उन्मूलन के काफी करीब है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि जब तक देश पोलियो से पूरी तरह मुक्त न हो जाये तब तक हम सभी को मिलकर पोलियो के खिलाफ जंग जारी रखना है। विशेष अभियान को लेकर जागरूकता रथ भी गांव-गांव घूम कर प्रचार कर रही है। कोई भी बच्चा पोलियो खुराक पीने से न छुटे। मौके पर कर्मी विनीता कुमारी, एमटीएस कृष्णकांत, प्रभु कुमार, प्रवीण कुमार भोला, मनीष कुमार के अलावा सीएचसी कर्मी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया शुभारंभ

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा पिलाकर समाजसेवी कैलाश कुमार ठाकुर ने पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने 3 वर्षीय बच्चा कार्तिक कुमार को दो बूंद की दवा पिलाई और उसके उज्जवल भविष्य का कामन की। मौके पर आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका मीरा कुमारी, सहायिका, स्वास्थ्य सहीया बबीता देवी के अलावा काफी संख्या में अपने बच्चों के साथ केंद्र पर माताएं और अभिभावक मौजूद थे।

### पीएससी में पिलायी गयी दो बूंद पोलियो की दवा

**कुन्दा (चतरा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा में चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुमार संजीव के निर्देश पर पर्यवेक्षक श्याम प्रकाश द्वारा पोलियो की दवा पिलाने का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया। पर्यवेक्षक ने बताया कि यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा। 25 अगस्त रविवार को बूथ पर ही पहुंच कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में दवा बच्चों को पिलायें। 26 व 27 अगस्त को घर घर जा कर दवा पिलाया जाएगा। मौके पर पवन पासवान, गुड्डु सिंह, राधा कुमारी, नरेश साव, ममता देवी, रजनी कुमारी समेत मौजूद थे।

### 487 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक




**मयूरहंड (चतरा)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र नरचाहि के परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पोलियो बूथ बनाये गये बूथ पर 0 से 5 साल के कुल 487 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शुभारंभ सीएचओ धूपमाला कुमारी एवं स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, सहिया की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। सीएचओ ने जिन्दगी के दो बूंद पिलाने को लेकर इस अभियान में लोगों को सहयोग करने की अपील की। कहा कि अपने घर के अगल-बगल के घरों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने के लिए प्रेरित करें। एक भी बच्चा छूटे नहीं साथ ही स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा गांव में जाकर बच्चों को दवा पिलाने में मदद करने का अपील किया। वहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र में लगभग 5 हजार बच्चों को दो घुट जिंदगी की पिलाई गई।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा ने हेमंत सरकार का पुतला फूंका

**बारियातु।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारियातु थाना के सामने हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। पुतला दहन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि 23 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दौरान राज्य सरकार द्वारा तानाशाही रवैया करते हुए लाठी डंडा बरसा कर कई कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया गया। हेमंत सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ उनका पुतला दहन किया जा रहा है। पुतला दहन के क्रम में हेमंत सोरेन मुदार्बाद, हेमंत सरकार की तानाशाही रवैया नहीं चलेगी आदि नारेबाजी की जा रही थी। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा की सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक के पहल से प्रखंड क्षेत्र की सड़कों का हो रहा काया कल्प

**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अथक प्रयास से मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र की तमाम सड़कों का काया कल्प हो रहा है। जिससे प्रखंड वासियों में उत्साह वर्धन हो रहा है। पांच वर्ष पूर्व प्रखंड क्षेत्र की सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि वाहनों का परिचालन होना दूर पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विधायक दास के पहल से आज तेतरीया मोड़ से मयूरहंड, पंदनि से सोकी, गद्दा मोड़ से पेटादेरी, चोरीया से दिग्ही मोड़, पिपरा मोड़ से हुसीया मोड़, हुसिया से पुरैनी समेत दर्जनों सड़क कार्य प्रगति पर है। पचमो मोड़ से नरचाही नदी तथा करमा मोड़ से सदाफर नदी तक जर्जर सड़क की मरम्मती कार्य पूर्ण हो चुका है। आधा दर्जन से ज्यादा सड़क निर्माण कराने को लेकर विभाग द्वारा संविदा आमंत्रित की जा रही है। विधायक के पहल से आज प्रखंड क्षेत्र की तमाम सड़कों पर कार्य हो रहा या होने वाला है। एक समय ऐसा था कि दूसरे क्षेत्र के लोग सड़क की दुर्दशा देख मयूरहंड प्रखंड आने से कतराते थे। इसके अलावा प्रखंड वासियों को भी सड़कों पर चलना युद्ध जितने के बराबर महसूस होता था।

### मुखिया व चिकित्सा प्रभारी ने पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की

**बालूमाथ।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा एवं चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बढ़ाइक ने पल्स पोलियो का ड्रॉप बच्चों को पिलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुखिया ने क्षेत्र की ग्रामीण जनता को बताया कि पल्स पोलियो 0 से 5 साल एवं उससे अधिक उम्र के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की जरूरत है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि पल्स पोलियो का ड्रॉप पीलाना बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी है। अभिभावक अपने बच्चों को तीन दिवसीय चल रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत ड्रॉप अवश्य पिलाएं, ताकि बच्चे रोग मुक्त रहें। मौके पर पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव एवं स्वास्थ्य सहिया, के साथ कई स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण जनता मौजूद थे।

### विशेष समिति की बैठक में पाइपलाइन बिछाने व सड़क मरम्मती पर चर्चा

**लातेहार।** राज्य में पाइपलाइन बिछाने और सीवरेज ड्रेनेज के काम के दौरान सड़कों की खुदाई के बाद पुनर्निर्माण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विशेष समिति संयोजक प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति ने लातेहार का दौरा किया। समिति की स्थल अध्ययन यात्रा के दौरान सर्किट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनमें पूर्व मंत्री मथुरा महतो समेत अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल थे। बैठक में पाइपलाइन बिछाने और सीवरेज ड्रेनेज के कार्यों से संबंधित सड़कों की खुदाई और मरम्मत की प्रक्रियाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने सड़कों की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

### चतुर्मास व्रतोपासना सह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी में जुटे ग्रामीण, यज्ञ समिति का गठन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़वार में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु सनातनी श्रद्धालुओं ने आषाढ़ शुक्ल पक्ष के एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तक निर्धारित चतुर्मास के कठिन व्रतोपासना में तल्लीन हैं। वहीं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियों में ग्रामीण भक्ति श्रद्धा में सराबोर होकर तन, मन और धन से जुटे हैं। बता दें 9 नवम्बर से 15 नवम्बर 2024 तक आयोजित यज्ञायोजन हेतु रविवार को ग्रामीणों की बैठक में यज्ञ समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष सरयु प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विशुन भुइयां, सचिव नरेश यादव, उप सचिव बालेश्वर तुरी, कोषाध्यक्ष झलकनाथ यादव, उप कोषाध्यक्ष विनोद तुरी समेत पांच सदस्यीय सलाहकार समिति में निर्मल यादव, विनय गंझू, सूर्यनाथ यादव, यदुनंदन यादव व कैलाश तुरी बनाये गये। इसके साथ हीं महिला समिति का भी गठन किया गया है। अध्यक्ष कुनी देवी, उपाध्यक्ष देवन्ति देवी, सचिव पुनम देवी, उप सचिव सरीता देवी समेत पांच सदस्यीय संरक्षक समिति में मीणा देवी, उर्मिला देवी, उर्मिला, कुंती देवी, कौशल्या को बनाया गया। मौके पर कुंती झालो, सुनीता, मंजु, बनौधी, फुलचंद, गोपाल, भोला, दशरथ, रामजनम, मुकेश, सहदेव समेत अन्य लोग मौजूद थे। जगद्गुरु मधुसुदनाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से नित दिन श्रीमद्भागवत कथा लोग कर रहे हैं श्रावण विगत 21 जुलाई से त्रिदंडी सेवा आश्रम बिहार से गोडवार में पहुंचे श्री मधुसुदनाचार्य जी महाराज के निर्देशन में ही यज्ञादि अनुष्ठान कराया जा रहा हैं।

## सिविल सर्जन ने बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने रविवार को सदर अस्पताल परिसर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ एक बच्चों को ड्रॉप पिलाकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को जिले के सभी 997 बूथ एवं 1031 दल, 130 पर्यवेक्षक, 32 ट्रांसिट दल 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक देने के लिए नियुक्त किए गए हैं। अभियान के तहत पहले दिन बूथों पर उसके बाद 26 और 27 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलवाएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अस्पताल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। पल्स पोलियो अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रह जाए। मौके पर डीआरसीएचओ डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर मर्शा टोपनो, डॉ. सुदामा राम, डॉ. राजेश कुमार, डीपीएम गौरव कुमार, वेद प्रकाश, डीपीसी आशीष डिन, सुनील सिंह, नागेंद्र कुमार, सदर अस्पताल के एएनएम, सहिया समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## लाखों रुपये की लागत से 10 वर्ष पूर्व बना मनहरी आंगनबाड़ी केंद्र

# फिर भी निजी मकान में हो रहा संचालित, विभाग मौन

▸▸ **खंडहर में तब्दील होने के कगार पर**




नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड के पंदनी पंचायत अंतर्गत मनहरी में भवन निर्माण विभाग के देखरेख में लगभग दस वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। परंतु विभागीय लापरवाही के कारण एक दिन भी केंद्र का संचालन नहीं किया गया। आज स्थिति ऐसा है कि बिन संचालन के हीं आंगनबाड़ी केंद्र खंडहर में तब्दील होने के कगार पर है। ग्रामीणों के कहे अनुसार वर्षों से केंद्र का संचालन सेविका अपने निजी मकान में कर रही है। आखिर ऐसा क्या स्थिति उत्पन्न हुई की केंद्र का अपना भवन निर्माण होने के बावजूद संचालन नहीं हो सका? केवल सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया गया। विभागीय लापरवाही के कारण आज नव निहाल बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है। बच्चों को कुपोषण से बचाव के साथ बेहतर शिक्षा मुहैया कराने को लेकर गांव-गांव में आंगनबाड़ी केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। परंतु विभागीय लापरवाही के कारण ना तो बच्चे कुपोषण से उबर रहे और ना ही शिक्षा ग्रहण कर पा रहे हैं। इस विषय में प्रभारी बाल विकास पदाधिकारी से संपर्क किया गया परंतु फोन नहीं उठाया गया।


## शपथ पत्र

मैं मुकेश कुमार पिता-अमरेश कुमार, ग्राम-पथरही, पोस्ट एवं थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू, राज्य-झारखंड का स्थायी निवासी हूं। शपथपूर्वक एकरार करता हूं कि मेरी पुत्री आराध्या प्रकाश संत जेवियर एकेडमी स्कूल बारालोटा, डालटनगंज में सत्र-2020-21 में तृतीय वर्ग में पढ़ती थी। जबकि उक्त विद्यालय द्वारा 2022 ई. में स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया था। मेरी पुत्री आराध्या प्रकाश की स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र कहीं खो गया। बहुत खोज-बीन करने के बाद आज तक नहीं मिला। मैं यह शपथ पत्र अपने नाबालिग पुत्री अराध्या प्रकाश का स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के आशय से दे रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या :XIII/3735/ दिनांक : 23/07/2024**

**NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY**
MEDININAGAR, PALAMU

Memo No.- NPU/CCDC/03/2024 Date-24/08/2024

**NOTICE**

Tender bearing no. NIT- NPU/CCDC/07/2023 dtd 11.11.2023 for supply of Manpower and security guards through outsource published by the Nilamber -Pitamber University, Medininagar is hereby Cancelled. This is for the information to the bidders and concerned persons. Consequently EMD deposited by bidders will be returned after completing the formalities.

**Registrar**
**Nilamber- Pitamber University**
**Medininagar, Palamu.**

**Memo No.- NPU/CCDC/05/2024 Date-24/08/2024**

## एक नजर

### सेन्हा में काम करने के दौरान राजमिस्त्री गिरा

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकान में काम करने के दौरान काम कर रहा राजमिस्त्री गिर गया जिसे हल्की चोटें आई है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। शुक्रवार रात्रि में सेन्हा चौक के समीप सुरेन्द्र साहु का घर में स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर घुस गया था। जिससे मकान छतिग्रस्त हो गया था। वही सेन्हा उरांव टोली निवासी चन्द्रू महली का पुत्र अजय महली राजमिस्त्री का काम करता है। जो मकान मालिक के कहने पर घर बनाने में राजमिस्त्री का काम रहा था। जो काम करने के दौरान गिर गया।वही ऊपर से गिरने पर अजय महली को हाथ पैर में हल्की चोटें आई है। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में ले जाया गया। जहाँ डॉ. राजीव कुमार द्वारा इलाज कर अजय महली को घर भेज दिया गया। वही डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि अजय को हाथ पैर में हल्की चोटें लगी है।

### एलआईसी एजेंट की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के चंदलासो निवासी दुखहरण राम उर्फ दुखु 50 पिता स्व बल्कु राम की रविवार की सुबह मृत्यु हो गयी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बुखार और खांसी होने के बाद स्थानीय चिकित्सक से दवा लेकर खाया। सुबह फिर से अचानक तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद इलाज के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन चिकित्सक इलाज शुरू करते उससे पहले ही उसकी मौत हो गयी। मृत्यु के बाद नाक से झाग निकलता देख परिवार के कुछ लोग जहर दिए जाने की शंका जाहिर करते हुए मौत को संदिग्ध बताते हुए कुडू थाना पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग रखी। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि परिजनों की मांग पर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे रोड 23 स्थित खोरा के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार चाहा निवासी 26 वर्षीय राहुल लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर व हाथ पैर में काफी चोट लगी। घटना के बाद वह सड़क पर ही पड़ा रहा। जिसके बाद होश आने पर परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। एंबुलेंस की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक अपना ससुराल करौंदा गया था इसके बाद वह अपने गांव वापस लौट रहा था।

## कुडू में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

# सीएचसी प्रभारी ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का उदघाटन प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ सुलामी होरों ने बच्चों को दो बून्द पोलियो की खुराक पिलाकर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया की 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चलने वाले इस प्लस पोलियो अभियान के लक्ष्य को पुरा करने के लिए 70 बूथ व 1 ट्रांजिट टीम आर 8 सब डिपो बनाया गया है। इसमें कुल 14 सुपरवाइजर, 280 टिका कर्मी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। उंन्होने बताया कि अभियान के दौरान प्रखंड के 25595 घरों 131321 जनसंख्या में 0 से 05 वर्षों के कुल 16 हजार 821 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि आज सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो से प्रतिरक्षण को लेकर खुराक दी जाएगी। इसके अगले दो दिन 26 तथा 27 फरवरी को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों का यह खुराक पिलाएंगे। मौके पर डॉ अंजुलन, आईंद, डॉ निरुपमा, डॉ अजित मंडल, डॉ राकेश, डॉ आफताब, डॉ ज्योति, डॉ दीपनेश्वर, बिपीएम सरोजिनी केरकेट्टा, संध्या प्रतिमा लकड़ा, सीमा, उसुर्ला तिर्की, उजियाली मिंज, अताउल्लाह रिंकू, मुमताज खान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



### पोलियो मुक्त अभियान के तहत बच्चों को पिलाई गई दो बूंद दवा

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में प्लस पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया। वही पोलियो मुक्त अभियान का शुभारम्भ



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार द्वारा बच्चों को दवा पिला कर किया गया गया। शुभारम्भ के उपरांत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को चिकित्साकर्मी व अन्य डॉक्टरों द्वारा पोलियो का दवा पिलाया गया। डॉ.वही राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में पलस पोलियो के लिये 122 बूथ बनाया गया है। जिस में 0 से 5 वर्ष तक के 13521 बच्चे बच्चियों को स्वास्थ्य कर्मी,एएनएम और सहियाओं द्वारा प्लस पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। तथा छुटे हुए बच्चों को 26 व 27 अगस्त को डोर टू डोर अभियान चलाकर दवा पिलाई जाएगी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, सुमन कुमारी, झरी उरांव, सावित्री कुमारी, विकास कुमार, जयमन्ती देवी अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### बच्चों को पिलाई गई दो बूंद पोलियो की दवा



**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने रविवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में आयोजित कार्यक्रम में तीन दिनी पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने एक बच्चे को पोलियो की खुराक भी पिलाई। मौके पर प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार, मैरी बेक, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे। पल्स पोलियो अभियान मे प्रखंड के 75 पोलियो बूथों पर करीब 9085 बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाई गई । 26.व 27 अगस्त को घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रखंड में 13070 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर 75 पोलियो बूथ बनाया गया था।

### 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियों की दवा

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाई गई। चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियों कार्यक्रम का उद्घाटन चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बच्चे को दो बूंद पल्स पोलियों की दवा पिलाकर की वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, एनएम सहियाओं के द्वारा डोर टू डोर जाकर बच्चों को दवा पिलाया गया। चैनपुर बस स्टैंड के समीप स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बस में सफर करने वाले यात्रियों के बच्चे जिनकी उम्र 5 वर्ष से कम है उन्हें भी पल्स पोलियों की खुराक पिलाई गई। मौके पर ज़िप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि सभी अभिभावक जिनके बच्चे की उम्र पांच वर्ष से कम है।

# गुमला जिले में 2 सितंबर को बंद रहेंगे सभी पेट्रोल पंप

- *32 पेट्रोल पंप संचालक व कर्मचारी चार दिनों से काला बिल्ला लगाकर कर रहे हैं काम*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला स्थित जिले के 32 पेट्रोल पंप संचालक व कर्मचारी बीते चार दिनों से काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे हैं। राज्य सरकार से उनकी मांग डीजल और पेट्रोल पर वैट कम करने पेट्रोल पंपों के बकाया सरकारी बिलों का भुगतान करने और पेट्रोल पंपों का वैट रिटर्न दाखिल करने से छूट देने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की है। मांगे पूरी नहीं होने पर 2 सितंबर को जिले के सभी पेट्रोल पंप को बंद रखने का चेतावनी राज्य सरकार को दी गई है वहीं काला बिल्ला लगाकर कार्य किए जाने का आंदोलन 1 सितंबर तक चलेगा झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत लाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार को कई बार मांगों से अवगत कराया गया लेकिन इस दिशा में अब तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिसके कारण मजबूरन अपनी मांगों को लेकर हम लोग आंदोलन रत हैं उन्होंने उन्होंने कहा कि वैट रिटर्न से मुक्ति पेट्रोलियम प्रोडक्ट वैट के दायरे में आते हैं इन पर प्रथम बिंदु पर कर का निर्धारण होता है क्योंकि पेट्रोलियम विपणन कंपनियां प्रथम बिंदु पर कर संग्रह कर सरकार को जमा करती है जिसके बाद पेट्रोल पंप द्वारा किसी प्रकार का कर नहीं दिया जाता है हम अनावश्यक रूप से शून्य कर का रिटर्न वैट एक्ट में जमा करते हैं जिससे हमें एवं सरकार को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आगे बताया वैट कम होने के कारण पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश बिहार और पश्चिम बंगाल में डीजल की कीमत बहुत कम है इससे झारखंड में डीजल की बिक्री पर गंभीर असर पड़ा है जिससे राज्य के खजाने में राजस्व प्रभावित भी हुआ है। और राज्य के पेट्रोलियम क्षेत्र को भी बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है।

# लिली किड्स प्ले स्कूल में से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अग्रवाल मुहल्ला स्थित लिली किड्स प्ले स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रिया अग्रवाल ने राधा कृष्ण का रूप धरे बच्चों की आरती उतार कर की। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत गणेश बंदना के साथ किया गया। स्कूली बच्चे राधा कृष्ण की भूमिका में नजर आ रहे थे। जो बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहे थे और सबका मन मोह रहे थे। मौके पर स्कूली बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। जिसकी सराहना उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं व अभिभावकों ने किया। प्रधानाचार्य प्रिया अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की प्रासंगिकता से बच्चों का परिचय कराया। भगवान श्री कृष्ण की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। कहा कि हमारा धर्म संस्कृति से ही हमारी पहचान होती है। पर्व त्यौहार एक दूसरे को जोड़ने का माध्यम बनते हैं। त्योहार हमे एकजुटता लाने को सिखाते हैं।

# धोबी समाज को एकजुट होकर जागरूक होना होगा : अवधेश बैठा

### समाज की एकजुटता से मिलेगा अधिकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक लोहरदगा के कुटमू स्थित आवास पर जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में जिला समिति का विस्तार करते हुए जिला सचिव विजय बैठा, जिला उपाध्यक्ष तपेश्वर बैठा तथा जिला कोषाध्यक्ष संजय बैठा को नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर सभी प्रखंड समिति का गठन किया जाए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा ने कहा कि धोबी समाज को उसके हक तथा अधिकार के लिए एकजुट होना ही होगा। समाज में व्याप्त कुरितियों को दुर करने के लिए शिक्षा को हथियार बनाना होगा। समाज शिक्षित होंगा तो देश तथा राज्य शिक्षित होगा। धोबी समाज को अपने हक तथा अधिकार के लिए एकजुट होना ही होगा। बगैर एकजुटता तथा जागरूकता के समाज का हक नहीं मिल सकता है। प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि धोबी समाज गांव स्तर से शुरू होकर पंचायत, प्रखंड, जिला से लेकर राज्य तथा देश स्तर पर मजबुत होगा। इसके लिए सामुहिक प्रयास की जरूरत है। बाबा संत गाडगे महाराज ने कहा था कि एक रोटी कम खाएं,जमीन पर कपड़ा बिछाकर खाना खा लो लेकिन बच्चों को शिक्षित जरूर करो। बैठक मे तय किया गया है आने वाले दिनों में जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड समिति से लेकर पंचायत तथा ग्राम समिति का गठन करते हुए जिला सम्मेलन व इसके बाद राज्य सम्मेलन कराया जायेगा।

# कुष्ठ रोग निवारण के लिये सहिया को दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग निवारण के लिये सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में जिला से आये विशेषज्ञ विकास कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग न अभिशाप है।और न ही पुस्तैनी बीमारी है।इसका इलाज से निवारण सम्भव है।साथ ही कुष्ठ बीमारी का पहचान के बारे बताते हुए कहा कि चमड़ा के रंग से हल्का अथवा फीके रंग या लालिमा छोटा या बड़ा दाग का होना, दाग में सूनापन या दर्द होना और खुजलाहट होना,शरीर के किसी भी भाग के चमड़े का मोटा होना तथा चमड़ा का रंग लाल होना, हाथ या पैर में कमजोरी या विकृति होना, हाथ के तलहटी या पैर के तलवा में घाव होना और आंख के पलकों में कमजोरी होने से आंख पूरी तरह बन्द नही हो सकता है। वही प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा गया। नियमित रूप से एमडीटी दवा का सभी खुराक नियमित रूप से सेवन करने पर कुष्ठ बीमारी मिट जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच और युवा मंच प्रेरणा ने साइकिल रेस का किया आयोजन

**गुमला।** साइकिल रेस का आयोजन महेश्वरी भवन लोहरदगा रोड गुमला से बरटोली टोटो पेट्रोल पंप तक किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से यह




बताया गया कि एक स्वस्थ आदमी को अपने रेगुलर रूटीन में साइकिल चलाना चाहिए साइकिल चलाने से आम लोगों की ब्लड प्रेशर हार्ट और हृदय संबंधित बीमारियों से निजात पाया जा सकता है शरीर को स्वस्थ रखने के लिए साइकिल चलाना बहुत ही फायदेमंद साबित होता है जिसमे प्रथम पुरस्कार राम विलास पासवान, द्वितीय पुरस्कार राम उरांव तृतीय पुरस्कार नीमा कुमारी ने लिया इस मौके पर सचिव संजीव मलानी, नटवर अग्रवाल, पंकज खण्डेलवाल, पंकज साबू, सुनिल अग्रवाल, सतीश मलानी, भूषण नरसरिया, कुणाल अग्रवाल, गोकुल अग्रवाल, अमित मंत्री उर्फ गोलू, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी और प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल सचिव ज्योति फोगला,पर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल बाकी सभी सदस्य और समाज के प्रमुख गुमला थाना से रामाकांत जी और मीडिया कर्मी एवं अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को दी बधाई

**लोहरदगा।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग एवं जिला उपाध्यक्ष कविस जयसवाल ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के




नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक में मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया और कहा की विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड कांग्रेस को नया प्रदेश अध्यक्ष मिला है। इन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष से अपने राजनीति की शुरूवात कर आज प्रदेश के मुखिया बने इनके संघर्ष और कर्मठता के चलते ही पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने इन्हे यह जिम्मेवारी दी,आगे अग्रणी संगठन युवा कांग्रेस इनके साथ कंधे से कंधा मिलाके चलने का कार्य करेगी और विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी,बैठक में केशव महतो कमलेश ने युवाओं को संबोधित करते हुए संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ काम करने की बात कही।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर उनका संरक्षण भी करें : आचार्य शरत चंद्र

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में पर्यावरणीय जागरूकता सह पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का



आयोजन कृषि बाजार प्रांगण स्थित शिव मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने की। कार्यक्रम में आर्यवीर दल के प्रांत प्रभारी आचार्य शरतचन्द्र आर्य, चंद्रपति यादव, पुष्कर महतो, दीपक कुमार, विक्रम सिंह, दिनेश प्रजापति, अभय भारती, अंकित अग्रवाल, सरोज मित्तल, योगी योद्धा एवं शिक्षाविद जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मौजूदा समय में बढ़ रही गर्मी के कारणों पर चिंतन किया गया। आचार्य शरतचंद्र आर्य ने कहा कि इसके लिए हम सबों को पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। शिव शंकर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही बढ़-चढ़कर पेड़ पौधे लगाने एवं सबों के जेहन में न केवल पेड़ लगाने बल्कि उनका संरक्षण करने की भी प्रेरणा लेकर जाएं। कार्यक्रम के समापन के पूर्व बरगद का पेड़ सामूहिक रूप से शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया एवं आए हुए सभी जनों के बीच एक-एक पौधे का भी वितरण किया गया। जिनमें फलदार पौधे औषधीय पौधे बरगद, नीम, महागुनी, अमरूद, अर्जुन आदि प्रमुख रूप से थे। कार्यक्रम में महेंद्र प्रसाद, अजय पांडे, सुनील प्रसाद गुप्ता, कृष्णा राम, अंकित अग्रवाल समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा चैनपुर ने सीएम हेमंत का फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 23 अगस्त को आयोजित युवा आक्रोश रैली को हेमंत सरकार के द्वारा अड़चने लगाकर विफल बनाने का प्रयास किया गया। विभिन्न जिलों से आ रही वाहनों को जगहझजगह रोका गया, जिस कारण मोराबादी मैदान में कई जिलों के कार्यकर्ता नही पहुंच सकें। हेमंत सरकार के इस रवैये के कारण भाजपा संगठन के कार्यकताओं के द्वारा आक्रोश पूर्वक हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। चैनपुर मंडल में शाम सात बजे भाजपा चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने कहा की युवाओं के हक और रोजगार के लिए भाजपा युवा मोर्चा एकजुट होकर मोराबादी मैदान से हेमंत सरकार के विरुद्ध युवा आक्रोश रैली में भाग लेने वाले थें, लेकिन निकम्मी हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं के आवाज को कुचलने का काम किया।



# बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से दैनिक विद्युत कर्मी घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** प्रखंड के ईटाम गाँव में शुक्रवार को बिधुत कर्मियों कि लापरवाही से विधुत बिभाग में दैनिक कर्मी के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति बिधुत प्रवाहित तार कि चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया में एडमिट किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ईटाम गाँव के समीप बिधुत लाईन में तकनिकी खराबी आ गई थीं जिसे ठीक करने के लिए जतन कंडुलना नामक दैनिक कर्मी बिजली पोल में चढ़ कर लाईन बनाने लगा तभी अचानक करेंट चालु हो गई जिसकी चपेट में आते ही वह पोल से नीचे गिर पड़ा। जतन ने बताया कि पोल में चढ़ने से पूर्व मेरे साथी ने पॉवर हॉउस में फोन कर सरडाऊन लिया था वावजूद इसके अचानक लाईन चालु कर दिया गया। वहीं इस सम्बन्ध में विद्युत कनिय अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने कहाँ कि करेंट लगने कि जानकारी मुझे मिली है है लेकिन करेंट कैसे लगा क्या हुआ मुझे कोई जानकारी नही। पता करना होगा। दैनिक मजदूरी पर विधुत बिभाग में काम करने वाले इन लोगों पर पूरे क्षेत्र कि बिजली व्यवस्था टिकी है पर इतनी बड़ी लापरवाही के कारण इनकी जान भी जोखिम में पड़ सकती है। घायल जतन अगर पोल से नीचे नहीं गिरता तो उसकी जान भी जा सकती थीं।



## विहिप का 60 वां स्थापना दिवस माहेश्वरी भवन सभागार में सम्पन्न

# कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित माहेश्वरी भवन में विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार झारखंड के क्षेत्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भवानी व भगवान श्री राम के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या से विभिन्न प्रखंड व जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जहां बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर वीरेंद्र साहू ने कहा काफी लम्बे संघर्ष और हिंदुओं के अथक प्रयास से अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका अहम रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन 1925 में हुआ था। इसके बाद संगठन हिंदुओं को एकजुट करने और मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करता रहा। विश्व हिंदू संगठन पूरे विश्व में हिंदुओं का सबसे बड़ा संगठन है। जिसका कार्य हिंदुओं को एकजुट करना और समाज में हिंदू विरोधी कार्य पर अंकुश लगाना है। आज समाज में धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ तस्करी व हत्या जैसे हिंदू विरोधी कार्य तेज गति से हो रहे हैं। हिंदू समाज को एकजुट होकर इन सभी अनैतिक कार्यों पर रोक लगानी है। गुमला जिला में बजरंग दल इन सभी कार्यों को रोकने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में केशव चंद्र साय,अजय सिंह राणा, शशि प्रिय बंटी,अजय मंत्री, अमित साहु, विवेक साहु, ओम मलानी,दिनेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, शिवम जयसवाल, मानीष गुप्ता, श्याम मंत्री, ब्रज गुप्ता, विनित श्रीवास्तव मुकेश राम, रविन्द्र सिंह, मनोज वर्मा, मनीष बाबू, रविन्द्र सिंह पुनम सिंह संदीप प्रसाद राजेश सिंह प्रकाश भगत मनीष लायन, लक्ष्मी कुमारी, राजकुमार खड़िया, संदिप सिंह, मंटु गुप्त भोला दास गोस्वामी, मनोज साहू, आशु प्रजापति, सुरज वर्मा, आर्यन गुप्ता, यशराज सिंह, कौशिक वर्मा रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# विहिप का 60 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** विश्व हिन्दू परिषद् का 60 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के भंडरा थाना रोड स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में विहिप कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना की। वहीं आयोजित कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के प्रखंड संरक्षण ईश्वरी मोहन शर्मा ने किया। वहीं उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् हिन्दुओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए 60 वर्षों से संघर्षरत है और अब संगठन षष्टी पूर्ति वर्ष की ओर अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर संगठन के सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि प्रभु श्रीराम के पद चिह्नो पर चलते हुए उनके आदर्शो को हिन्दू समाज के घर-घर तक पहुंचाएंगे। साथ ही हिन्दू धर्म और हिंदुत्व के लिए अपना सर्वस्व समर्पण करेंगे और भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व के हिन्दुओं के स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विहिप प्रांत मार्ग दर्शक कृष्ण चैतन्य ब्रम्हचारी ने कहा कि अब हिन्दू अपने स्वाभिमान के प्रति जागरूक हो चुका है और अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज की रक्षा के लिए तत्पर है।



